पेयजल संकट : छोटी उम्र में बड़ी जिम्मेदारी

कोठी नगर परिषद की शर्मनाक तस्वीर, पढ़ने की उम्र पानी ढो रहे हैं नौनिहाल

नवभारत न्यूज

कोठी 17 मार्च, नगर परिषद कोठी के गठन हुए 35 वर्ष गुजर गए और लोगों की मूलभूत जरूरत की हकीकत यह तस्वीर बयां कर रही है कि लोगों के घरों में आज भी पीने का पानी नहीं पहुंच पाया जिसके बदौलत नगर में आज भी अधिकांश घर पीने के पानी को मोहताज हैं और जिम्मेवार सिर्फ अपना समय पास कर रहे हैं जिससे नगर में अंधेर नगरी चौपट राजा जैसे हाल है.

इन छोटे-छोटे बच्चों के सिर पर बड़ी जिम्मेदारियां हैं और इस तस्वीर पर जो दो बच्चे साइकिल पर चार डब्बों में पानी लेकर जा रहे हैं शायद उतना वजन भी उतना नहीं है कि जितना उन्हें पानी ढोकर ले जाना पड़ रहा है ऐसा इसलिए यह मुख्य आवश्यकता है और पानी बिन सब सून है जब पानी ही नहीं रहेगा तो जिंदगानी ही कैसे चलेगी इसलिए इन छोटे-छोटे बच्चों को काफी दूर से पानी ढोकर ले जाना पड़ता है यह तस्वीर कोठी झाली चौराहे के वार्ड क्रमांक एक की है और यह बच्चे करीब 1 किलोमीटर दूर से पीने का पानी हैंड पंप से भरकर ढोकर अपने घर ले जा रहे हैं क्योंकि उनके घर का मुखिया काम पर है क्योंकि घर के मुखिया को कमाने के लिए घर से बाहर निकालना पड़ता है और यदि वह पानी ढोने पर पड़ जाएगा तो कमाएगा कौन इसलिए गरीब बस्तियों के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और घर में घर के कई लोगों को पानी के लिए ही व्यस्त रहना पड़ता है ऐसे में इनको पानी की कीमत भी काफी चुकानी पड़ती है क्योंकि घर के एक सदस्य की मजदूरी मारी जाती है क्योंकि वह पानी के लिए लगा रहता है और काम पर नहीं जा पाता इसलिए नगर में अधिकांश घरों पर छोटे-छोटे बच्चों के हाथों में बड़ी जिम्मेदारियां है जिसकी बदौलत उनका विकास रुकता है और पढ़ाई भी प्रभावित होती है जबकि नगर के आधे हिस्से पर घर में पानी पहुंच रहा है जो कि नगर के बाकी लोगों के साथ नाइंसाफी है आपको बता दें की कोठी नगर में 15 वार्ड है और अधिकांश वार्डो पर जैसे वार्ड क्रमांक एक दो तीन एवं पांच के साथ-साथ कई अन्य वार्डो में अभी भी घर तक पानी पहुंचना स्वप्न जैसे है, जबकि नगर में पानी की तीन-तीन टंकियां बनी हुई है और नल जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है परंतु पीने का पानी लोगों के घरों में कब तक पहुंचेगा इस बात की जानकारी किसी को नहीं है चाहे वह नगर परिषद की अध्यक्ष हों पार्षद अथवा सीएमओ या अन्य कोई भी इसलिए नगर के हाल अंधेर नगरी चौपट राजा जैसे हैं।

बहेलियाभाट टोल प्लाजा में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 17 मार्च, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामपुर बाघेलान के तत्वावधान में 18 मार्च को बहेलियाभाट स्थित टोल प्लाजा में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा।

यह कार्यक्रम जिला महामंत्री रोहित कांत सिंह केआयोजकत्व में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला महामंत्री रोहित कांत सिंह ने क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में धरना प्रदर्शन में शामिल होने का आवाहन किया। उन्होंने ग्राम बहेलियाभाट, कोठार, देवरा, झंड, कुंड और कोरीगवां का दौरा कर ग्रामीणों को कार्यक्रम की जानकारी दी और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। इस दौरान उनके साथ प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस बेला के अध्यक्ष शिवशंकर गोटियां, पूर्व जनपद सदस्य रामबली साकेत, पूर्व सरपंच हनुमान तिवारी, रोहित तिवारी, नितिन सिंह सहित दर्जनों ग्रामवासी उपस्थित रहे। नेताओं ने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

एलपीजी की किल्लत, सुबह से इंतजार में खड़ी जनता

स्थानीय छवि इंडियन गैस एजेंसी में एलपीजी गैस सिलेंडर नहीं मिलने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग गैस लेने के लिए इंतजार में खड़े हैं, लेकिन सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। गैस की कमी के कारण कई घरों में खाना तक नहीं बन पा रहा है, जिससे बच्चों को स्कूल जाने और लोगों को नौकरी पर जाने में भी दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द गैस सिलेंडर की व्यवस्था की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

ग्रामोदय विवि की चित्रकला प्रदर्शनी में परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत समन्वय प्रदर्शित

नवभारत न्यूज

चित्रकूट, 17 मार्च । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी में प्रदर्शित विशिष्ट चित्रों ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती डॉ सुषमा चौबे की उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार सुश्री गीता दास और बीनू गुप्ता दिल्ली ने अपने अपने चित्र की थीम एवं भावार्थ को विस्तार से प्रस्तुत किया। सुश्री गीता दास ने बताया कि यह चित्र भारतीय संस्कृति की गहरी जड़ों और आधुनिक तकनीकी युग के मध्य सेतु का कार्य करता है। चित्र में आध्यात्मिक चेतना, गुरु-शिष्य परंपरा, देवी-देवताओं की उपस्थिति के साथ-साथ वर्तमान समय के वैज्ञानिक और तकनीकी विकास को एक ही फ्रेम में संयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि चित्र का मूल भाव यह है कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा आज भी आधुनिक विज्ञान और तकनीक की दिशा निर्धारित करने में सक्षम है। ध्यान, साधना और शिक्षा के पारंपरिक स्वरूप के साथ रोबोटिक्स, डिजिटल शिक्षा और शहरी विकास को दर्शाकर यह संदेश दिया गया है कि वास्तविक प्रगति परंपरा और नवाचार के समन्वय से ही संभव है। प्रसिद्ध कलाकार बीनू गुप्ता ने अपने चित्र की व्याख्या करते हुए बताया कि उनकी कृति के बाईं ओर प्राचीन भारत की उन्नत वैज्ञानिक और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया गया है, जिसमें उड़ने वाली प्राचीन मशीनों की कल्पनाएं, हॉट एयर बैलून, भारतीय वाद्य यंत्र, प्रारंभिक विज्ञान एवं तकनीक, खगोल विज्ञान, चिकित्सा और कला के विविध आयाम तथा जंतर मंतर जैसे समय दर्शाने वाले प्रतीकों को शामिल किया गया है। चित्र के दाईं ओर आधुनिक भारत की उपलब्धियों को रेखांकित किया गया है, जिसमें रॉकेट, उपग्रह, हवाई जहाज़, वंदे भारत ट्रेन, माइक्रोचिप, तथा इसरो के रॉकेट लॉन्च जैसी उपलब्धियाँ प्रमुख रूप से दर्शाई गई हैं।

कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा, समाधान की मांग

- प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से भेजा गया ज्ञापन, बड़ी संख्या में कर्मचारी पदाधिकारी रहे मौजूद

नवभारत न्यूज

रामनगर 17 मार्च, अखिल भारतीय कर्मचारी संगठन के बैनर तले सोमवार को कर्मचारियों की विभिन्न लंबित समस्याओं के निराकरण को लेकर जोरदार पहल की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार, नई दिल्ली एवं माननीय वित्त मंत्री, भारत सरकार के नाम कलेक्टर महोदय के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं का उल्लेख करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई। संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो आगे आंदोलन की रणनीति भी बनाई जाएगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा के नेतृत्व में सत्येंद्र गुप्ता, दीपक बैरागी, शिव मोहन गौतम, संजय मिश्रा,नीरज मिश्रा एवं उर्मिला साकेत सचिव ब्लॉक अध्यक्ष ओंकार शर्मा (न्यू रामनगर), तहसील अध्यक्ष रसिया एवं ललित विश्वकर्मा आदि कर्मचारी नेताओं ने कहा कि लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर कई बार ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने सरकार से जल्द सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई है।

गढौत में बनते ही उखड़ने लगी रोड

नवभारत न्यूज

सतना/ उचेहरा 17 मार्च, किसी भी गांव का विकास तभी हैं जहां आने जाने की अच्छी सुविधा हो सरकार के तरफ प्रयास किये जा रहे है कि अंतिम छोर में बैठे ब्यक्ति को लाभ मिले लेकिन पंचायत के जिम्मेदार को ही ये रास नही आ रहा कि अपने पंचायत का विकास करें ये जनप्रतिनिधि ही जनता की की उम्मीदों पर पलीता लगा रहे हैं ।

जनपद के पठारी पंचायत गढौत का ताजा मामला अभी प्रकास में आया है यहां जन सुविधा के लिए रोड तो बनाई गई हैं लेकिन रोड बनते ही

कुछ ही दिनों में उसके परखच्चे उड़ने शुरू हो गये, गढौत के ग्राम कोरदरी में पी सी सी रोड एवं नाली का गुणवत्ता विहीन निर्माण पंचायत ने कराया है जिसका फोटोग्राफ देखने से ही उसकी गुणवत्ता की पोल खुल रही है। हासिल जानकारी अनुसार सड़क और नाली का निर्माण ठेके में कराने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया इन्ही ग्रामीणों की माने तो जिस समय इस स?क का निर्माण हो रहा था पंचायत के कई ग्रामीणों ने अपनी आवाज उठाई थी लेकिन उनकी किसी ने नहीं सुनी अपनी मन मर्जी के मालिक पंचायत के जुम्मेदारो ने यह निर्माण कार्य कराया यहां जनता की एक भी नही सुना ,ग्रामीणों की माने तो पंचातय के सचिव सरस्वती चरण सोनी जहां रहे वहां चर्चा में रहे यह निर्माण भी अपने निजी सम्बन्धियो से कराया इस सम्बंध में जब पंचायत के जुम्मेदारो से उनका पक्ष जानने सम्पर्क किया गया सम्पर्क नही हो सका।

प्रस्फुटन समितियों को दिया गया प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

सतना 17 मार्च, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड उचेहरा के सेक्टर क्रमांक 4 के आदर्श ग्राम ग्राम पंचायत देवार में प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम पंचायत के सभागार में किया गया ।

वसुन्धरा जन सेवा समिति के अध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रकाश दाहिया, सर्जना संस्था अध्यक्ष सुरेश दाहिया परामर्शदाता सतवंत सिंह पुष्पांजलि सिंह,ओमप्रकाश त्रिपाठी, संजू मिश्रा द्वारा प्रस्फुटन

समितियों को प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण में प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी, सदस्य सम्मिलित हुए कार्यक्रम के उपरांत सभी समिति के सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरण करने के उपरांत भोजन कराकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए छात्राओं को किया जागरूक

- जनपद सीईओ ने किया प्रेरित

नवभारत न्यूज

रामनगर 17 मार्च, पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर में छात्राओं को एचपीवी वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया.

रामनगर जनपद पंचायत की सीईओ भारती दीक्षित एवं बीएमओ डॉ.आलोक अवधिया ने छात्राओं को संबोधित करते हुए ।क्क्ष वैक्सीन के महत्व को विस्तार से बताया। जनपद सीईओ भारती दीक्षित ने कहा कि यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव में बेहद प्रभावी है, इसलिए बेवजह की अफवाहों में न पड़ते हुए सभी छात्राओं को समय पर टीकाकरण कराना चाहिए, ताकि भविष्य में होने वाले जोखिमों से बचा जा सके। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही जिसने वैक्सीनेशन से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी और छात्राओं की शंकाओं का समाधान किया, जिससे छात्राओं में जागरूकता बढ़ी और उन्होंने टीकाकरण के प्रति सकारात्मक रुचि दिखाई।

श्री मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास जी महाराज की 9 दिवसीय रामकथा का आयोजन

- सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुण्ड के विद्याधाम विद्यालय प्रांगण में 19 से 27 मार्च तक चलेगी रामकथा

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 17 मार्च, परमहंस सन्त श्री रणछोडॉदास जी महाराज के कर कमलों से जानकीकुंड में स्थापित श्री रघुबीर मन्दिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में हर वर्ष चैत्र नवरात्रि में 9 दिवसीय श्री रामकथा आयोजन बड़े ही धूम धाम के साथ आयोजित की जाती है।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के अवसर 9 दिवसीय श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है यह कथा 19 मार्च से 27 मार्च रघुवीर मंदिर ट्रस्ट एवं श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के तत्वाधान से इस बार विद्याधाम विद्यालय जानकीकुंड चित्रकूट के प्रांगण में आयोजित की जा रही है। चित्रकूट क्षेत्र वासियों के लिए बड़े ही गौरव और सौभाग्य की बात है कि इस वर्ष श्री रामकथा का रसपान मलूक पीठाधीश्वर वृन्दावन एवं रेवासा पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज अपनी मधुर अमृतमय वाणी से कराएंगे। महराज जी कथा सुनने देश के कोने कोने से उनके शिष्यगण आयेंगे। 18 मार्च को गाजे बाजे के साथ पोथी कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर ट्रस्टी डॉ इलेश जैन एवं महिला समिति की अध्यक्षा उषा जैन ने बताया कि महराज जी की कथा श्रवण करने देश के विभिन्न प्रान्तों से सभी गुरुभाई बहनो एवं राम कथा प्रेमियों का चित्रकूट आने का सिलसिला शुरू हो गया उन्होंने बताया कि पद्मश्री स्व. डॉ बी के जैन साहब पिछले तीन वर्षों से महाराज जी की कथा चित्रकूट में कराने के लिए प्रयासरत थे, लेकिन प्रभु इच्छा के आगे किसी की नहीं चलती डॉ जैन तो प्रभु चरणों में समाहित हो गए, लेकिन उनका प्रयास सार्थक हो गया.

पद्मश्री डॉक्टर बीके जैन की स्मृति में बिरसिंहपुर में नि : शुल्क नेत्र शिविर 20 को

नवभारत न्यूज

सतना/बिरसिंहपुर 17 मार्च, अंधत्व निवारण के क्षेत्र में अनुकरणीय सेवा कर करने वाले नेत्र ज्योति के मसीहा बैकुंठवासी पद्मश्री डॉक्टर बी के जैन की स्मृति में श्री गैवीनाथ जी धर्मशाला बिरसिंहपुर में 20 मार्च शुक्रवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया है।

नेत्र शिविर मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा की अगुवाई मे श्री सदुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड चित्रकूट के सहयोग से समाजसेवी पुरुषोत्तम अग्रवाल भटनवारा वालों के मार्गदर्शन में धर्मशाला परिसर में संपन्न होगा। नेत्र शिविर में बिरसिंहपुर क्षेत्र के अलावा द्यदूर दराज ग्रामीण इलाके के लोग भी नि:शुल्क नेत्र शिविर का लाभ प्राप्त करेंगे। श्री अग्रवाल ने कहा कि 20 तारीख को आयोजित होने वाले नेत्र शिविर में चिकित्सालय के योग्य चिकित्सकों द्वारा आंखों की जांच करके नजर के चश्मे प्रदान किए जाएंगे एवं दवाइयों का वितरण भी नि:शुल्क होगा। इस दौरान जो मरीज मोतियाबिंद से पीड़ति होंगे उन्हें संस्था वाहन से ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण हेतु श्री सदुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड में भर्ती कराकर मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण किया जाएगा .

सरकार लगाए पुनर्विचार याचिका : नागेन्द्र सिंह

नवभारत न्यूज

सतना 17 मार्च, शासकीय शिक्षक संगठन के प्रान्तीय आवाहन पर सांसद विधायक जनप्रतिनिधियों को शिक्षकों की समस्या से अवगत कराने के क्रम में अनिल सिंह परिहार के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में शिक्षकों ने पूर्व मंत्री सांसद एवं वर्त्तमान नागौद विधायक नागेंद्र सिंह से मुलाकात कर टीईटी परीक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शिक्षकों की पात्रता परीक्षा अनुत्तीर्ण होने पर सेवा समाप्त के आदेश से अवगत कराते हुए आग्रह किया.

इस विषय को गंभीरता से लेते हुए माननीय मुख्यमंत्री महोदय से चर्चा कर रिव्यू पिटीशन दायर करने हेतु व परीक्षा की बाध्यता को समाप्त करने की मांग की गई जिस पर विधायक ने 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षक जो 20 से 30 वर्ष की सेवा कर चुके हैं उनकी परीक्षा लेना व्यावहारिक नहीं है उनके अनुभव एवं प्रदेश के शिक्षा में दिए गए योगदान को दृष्टिगत रखते हुए लोक शिक्षण संचनालय द्वारा किए गए आदेश को निरस्त करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में सरकार पुनर्विचार याचिका दायर करने का पत्र मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया है जिसमें लाखों छात्रों का भविष्य बढ़ाने वाले समर्पित शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित रखने एवं उनके मनोबल को बचाए रखने के लिए सरकार स्तर से प्रयास किए जाने की पहल की गई है विधायक नागेंद्र सिंह ने सभी की बात गम्भीरता से सुनी और हम शिक्षकों की बात से सहमति जताते हुए पूरी संवेदनशीलता के साथ शिक्षकों के हित में मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए रिव्यू पिटीशन दायर करने का पत्र लिखा साथ ही आगे भी इस मामले में अपना सहयोग देने एवं सदैव शिक्षकों के साथ का आश्वासन दिया.आगामी दिवसों पर जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर सरकार से इसी प्रकार का आग्रह किया जाएगा गया.

वैश्य दिवस पर निकलेगी एकता रैली

सतना / हिरौंदी 17 मार्च, वैश्य दिवस 19 मार्च 2026 गुरुवार को शाम 4-30 बजे कश्यप चौक, टिकूरिया टोला, सतना से एकता रैली निकाली जाएगी। रैली ईदगाह चौक, दद्दू चुना चौक, लालता चौक, फूलचंद चौक, हनुमान चौक, पॉवर हाउस, पन्नीलाल चौक, बिहारी चौक होते हुए अग्रसेन चौक में रैली का समापन होगा। रैली में अग्रवाल, गुप्ता, चौरसिया, सोनी, जैन, जायसवाल, नेमा, साहू, माहेश्वरी, कायस्थ, ताम्रकार, खंडेलवाल, अग्रहरि, विजयवर्गीय, लोहिया, अवधिया, शिवहरे, मारवाड़ी, कसौधन, गहोई, अयोध्यावासी, केशरवानी, खरे केशरवानी आदि वैश्य समाज के सभी घटक शामिल होंगे।

भावनात्मक संतुलन से प्रभावी भीड़ नियंत्रण

- पुलिस लाइन मैहर में हुई सेमिनार

नवभारत न्यूज

मैहर 17 मार्च, आज पुलिस लाइन मैहर में "Emotional Quotient °ß´ Crowd Control" विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार आयोजित किया गया।

इस सेमिनार में श्याम शाह मेडिकल कॉलेज, रीवा के मनोवैज्ञानिक दिवाकर सिंह सिकरवार द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भीड़ नियंत्रण के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान श्री सिकरवार ने पुलिस स्टाफ को बताया कि भीड़-भाड़ वाले आयोजनों, मेलों एवं संवेदनशील परिस्थितियों में उत्पन्न होने वाले तनाव एवं गुस्से को कैसे नियंत्रित किया जाए। उन्होंने Emotional Quotient (EQ) के महत्व को समझाते हुए बताया कि कठिन परिस्थितियों में धैर्य, संयम एवं सकारात्मक संवाद के माध्यम से प्रभावी भीड़ नियंत्रण किया जा सकता है। सेमिनार के दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभिन्न परिस्थितियों जैसे—अचानक भीड़ के उग्र होने, अफवाह फैलने अथवा अव्यवस्था की स्थिति में गुस्से को नियंत्रित करने के संबंध में प्रश्न पूछे गए, जिनका विशेषज्ञ द्वारा व्यवहारिक एवं उपयोगी समाधान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. चंचल नागर, सीएससी महेंद्र सिंह चौहान, रक्षित निरीक्षक नृपेंद्र सिंह , समस्त थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

हिंदू नववर्ष पर निकलेगी शोभायात्रा

कोटर 17 मार्च, हिंदू नव वर्ष के पावन पर्व पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सरस्वती शिशु मंदिर ग्राम पंचायत बिहरा क्र.1 के तत्वावधान में शोभा यात्रा का आयोजन 19 मार्च दिन गुरुवार को दोपहर 2 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर ग्राम पंचायत बिहरा क्रमांक एक (1) से प्रारंभ होकर खम्हरिया टोला से होते हुए लइचिया टोला से बस स्टैंड बिहरा से होकर मां बलखंडी (देवी दाई) में शोभा यात्रा का समापन होगा ।

सुदामा मिलन की कथा के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम

नवभारत न्यूज

कोठी 17 मार्च, रनेही के बरम बाबा आश्रम प्रांगण पर गोलोक वासी गौरी शंकर दास महाराज की स्मृति में जन सहयोग से अयोध्या धाम के संत विष्णु प्रपन्नाचार्य महाराज के सानिध्य में कथा व्यास राम प्रपन्नाचार्य महाराज के मुखारविंद से चल रही सरस संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का मंगलवार को सुदामा मिलन की कथा के साथ विश्राम हुआ ।

जिसमें गांव सहित दूर दराज से काफी संख्या में श्रद्धालु कथा का श्रवण करने के लिए पहुंचे महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी लोगों ने कथा का भावपूर्ण वर्णन सुन कर भाव विभोर हो गए कथा व्यास राम प्रपन्नाचार्य महाराज ने आज सुदामा जी का कृष्ण जी से मिलन का अद्भुत प्रसंग भावपूर्ण होकर बताया जो देखते ही बन रहा था महाराज जी ने कहा कि सुदामा फटे कपड़े पहने हाथ में डंडा लिए द्वारका की नगरी में घूम रहे थे और श्री कृष्ण का पता पूछ रहे थे परंतु द्वारिका वासी उनकी दशा देखकर हंस रहे थे और कह रहे थे कि यह कहां का पागल आ गया है परंतु एक द्वारपाल ने उनको श्री कृष्ण तक उनका संदेश पहुंचाने का आश्वासन दिया और उनको द्वार पर ही रुकने के लिए कहा और श्री कृष्ण तक संदेश पहुंचाने पहुंच गया जब काफी देर हो गई और वह नहीं लौटे तब सुदामा वापस जाने लगे परंतु जैसे ही श्री कृष्ण को सुदामा के पहुंचने का पता चला तो वह विचलित हो गए सुदामा से मिलने के लिए वह नंगे पांव ही आसान से उठकर दौड़े दौड़े महल के बाहर चले आए और यह दृश्य देखकर सभी लोग अचंभित हो गए कि आज द्वारकाधीश को क्या हो गया है जैसे ही वह सुदामा से मिले सुदामा को गले लगाया और अपने महल में लाकर अपने आंसुओं से उनके चरणों को धोया और चरण अमृत का पान किया यह दृश्य देखकर माता रुक्मणी जी भी अचंभित हो गई पूरी द्वारिका के लोग अचंभित हो गए कि यह कैसा अद्भुत नजारा आज देखने को मिल रहा है भगवान श्री कृष्ण के बाल सखा आज कितने वर्षों बाद सुदामा उनसे मिले थे मानो संसार का सब कुछ मिल गया हो भगवान सुदामा का स्वागत करते हैं और उनको अपने राजमहल में ले जाकर रखते हैं और फिर एक द्वारिका उनको भेंट में देते हैं कथा का भावपूर्ण प्रसंग लोग सुनते रहे. आज बुधवार 18 मार्च को आश्रम परिसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा.

नि :शुल्क क्लास से मुकुल और आशीष को मिली सफलता

नवभारत न्यूज

सतना/ हिरौंदी 17 मार्च, माधवम ईप्सा फाउंडेशन की मझगवां में नि:शुल्क क्लास से नवोदय के लिए 2 बच्चों आशीष पाल और मुकुल शुक्ला ने जिले में चौथी और 10 वीं रैंक लेकर 6वीं की प्रवेश परीक्षा में सफल रहे हैं.मुकुल शुक्ला और आशीष पाल दोनों छात्र कक्षा पांचवी में संदीपनी विद्यालय मझगवां में अध्ययनरत थे ।